an>

Title: Need to provide heating arrangement in the night shelter in view of extreme cold weather in the country.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): अध्यक्षा जी, आपके माध्यम से, मैं सरकार का ध्यान अपनी बात की ओर आकृष्ट कराना चाहूंगा। पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। माननीय न्यायालय ने भी कह रखा है कि रेन-बसेरों की तत्काल व्यवस्था की जाए। हमारे संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर में पांच तहसीलें पड़ती हैं। हमारे संसदीय क्षेत्र का मुख्यालय खलीलाबाद है, जहां आनन-फानन में रेल-बसेरा तो खोल दिया गया है, लेकिन गरीबों और असहायों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। दूसरी तहसील हमारी आलापुर है, तीसरी तहसील खजली है, चौथी मैधावल है, पांचवी धनघटा है, जहां अलाव और कम्बल की व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। गरीब और असहाय लोग, जो दिनभर मजदूरी करके आते हैं, उनके पास रात में रहने की कोई व्यवस्था नहीं है। अतः मेरा आग्रह है कि वहां तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित कराने की कृपा करें।